पत्रांक.....6419............/र०का०

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लखीसराय।

प्रेषक,

पुलिस अधीक्षक,
लखीसराय।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी,
बिहार, पटना।

लखीसराय, दिनांकः– 08/03/2021

विषयः– लखीसराय पुलिस के विभिन्न प्रतिष्ठानों में भाड़े पर जेनरेटर उपलब्ध कराने हेतु अल्पकालीन निविदा का प्रकाशन करने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक संदर्भ में कहना है कि लखीसराय पुलिस के विभिन्न प्रतिष्ठानों में भाड़े पर जेनरेटर उपलब्ध कराने से संबंधित अल्पकालीन निविदा का मुख्य समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न अल्पकालीन निविदा को राज्य के मुख्य दो हिन्दी, उर्दू एवं अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय। कृपया समाचार पत्र में प्रकाशन के उपरांत तत्संबंधी सूचना से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट किया जाय।

कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

अनुलग्नकः–1.प्रकाशन का प्रारूप एवं प्रारूप का C.D. पाँच प्रति में।

विश्वासभाजन्

08/3/21

पुलिस अधीक्षक,
लखीसराय।

प्रतिलिपिः–

1. पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिला जन–सम्पर्क पदाधिकारी, लखीसराय को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
3. जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, लखीसराय को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि इस निविदा को जिले के बेवसाईट पर अपलोड करने का कष्ट किया जाए।
4. आई0टी0 मैनेजर, पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि इस निविदा को बिहार पुलिस के बेवसाईट पर अपलोड करने का कष्ट किया जाए।

08/3/21

पुलिस अधीक्षक,
लखीसराय।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लखीसराय।
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/2021

1. विभाग का नामः– पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लखीसराय।
2. विज्ञापन दाता का नामः– पुलिस अधीक्षक, लखीसराय।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय– दिनांक–31.03.2021 – 16:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– दिनांक–05.04.2021 – 11:00 बजे
5. विवरणी/कार्य का ब्यौराः–

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि लखीसराय पुलिस के विभिन्न प्रतिष्ठानों में निर्बाध एवं वैकल्पिक विधुत आपुर्त्ति की व्यवस्था को बनाये रखने हेतु 05, 10, 15 एवं 20 KVA (Liquid Cooled) ध्वनि रहित जेनरेटर के अधिष्ठापन एवं भाड़े पर परिचालन हेतु पंजीकृत (G.S.T.) प्रतिष्ठानों से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते निम्नवत् होगीः–

1. अग्रधन के रूप मे पुलिस अधीक्षक, लखीसराय के पदनाम से 10,000 (दस हजार) रूपया मात्र का बैंक ड्राफ्ट जिसे अधोहस्ताक्षरी के उपस्कर शाखा, पुलिस केन्द्र, लखीसराय मे जमा करना होगा।
2. निविदा द्वि–पद्वति लिफाफे में (प्रथम लिफाफे "A") में तकनीकी संबंधी प्रपत्र यथा फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 का निबंधन प्रमाण पत्र/आयकर विभाग का पैन नंबर/काली सूची में दर्ज नहीं होने का एक शपथ पत्र/पूर्व में किसी सरकारी कार्यालय को आपूर्ति कराये गये कार्य अनुभव से संबंधित कागजातों की हस्ताक्षरित छायाप्रति अनिवार्य है एवं दूसरे लिफाफे "B" में वित्तीय निविदायें होनी चाहिए। वित्तीय निविदा में मात्र मासिक दर चारों 05, 10, 15 एवं 20 KVA का अलग–अलग उल्लेख होगा। इन दोनों ("A" एवं "B") लिफाफे अलग–अलग मुहरबंद होनी चाहिए, जिन पर तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा का नाम दर्शाया हुआ हो तथा दोनो लिफाफे को एक तीसरे बड़े लिफाफे में रखते हुए मुहर बंद कर भेजना अनिवार्य होगा तथा लिफाफे के ऊपर वित्तीय/तकनीकी निविदा अंकित होगा।
3. चयनित निविदादाता को 24 घंटे निर्वाध विधुत आपूर्ति करानी होगी जिसका तात्पर्य यह है कि किसी दिन उन्हे अधिकतम 24 घंटें भी जेनरेटर चलाना पड़ सकता है एवं किसी दिन अच्छी विधुत आपूर्ति होने पर कम अवधि के लिए चलाना पडेगा।
4. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा जेनरेटर सेट के साथ–साथ ऑपरेटर भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए अलग से कोई राशि देय नही होगी।
5. अनुबंध वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 के लिए मान्य होगा। कालान्तर मे आवश्यकता एवं सेवा संतुष्टि के आधार पर इसे विस्तारित करने का निर्णय अधोहस्ताक्षरी के द्वारा लिया जायेगा।
6. सेवा संतोषजनक नहीं रहने कि स्थिति मे अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये अनुबंध रद्द करने का अधिकार होगा।
7. निविदा मे सफल होने के पश्चात आपूतिकर्त्ता के साथ–साथ एकरारनामा किया जायेगा एवं एकरारनामा हस्ताक्षर होने के एक सप्ताह के अन्दर जेनरेटर अधिष्ठापित करना होगा।
8. चयनित निविदाकर्त्ता को जेनरेटर का अधिष्ठापन सुदृढ़ Earthing के साथ करना होगा एवं विधुत संचरण व्यवस्था का रख–रखाव भी करना होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।
9. निविदा अधोहस्ताक्षरी के गोपनीय शाखा में हाथों–हाथ या डाक के माध्यम से सीलबंद स्थिति में प्राप्त किया जाएगा एवं निर्धारित तिथि को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोला जाएगा।
10. यह निविदा बिहार पुलिस के बेवसाईट www.biharpolice.bih.nic.in एवं लखीसराय जिला के बेवसाईट पर www.lakhisarai.bih.nic.in तथा पुलिस केन्द्र, लखीसराय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक,
लखीसराय।